तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 13 मार्च 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज





2 होलिका दहन आज, कल मनाई जाएगी होली


**खबर संक्षेप**

### शिक्षक 11 वर्षों से अनुपस्थित, दिया गया तीन दिन का अंतिम समय

**अम्बिकापुर।** विकासखंड सीतापुर के कन्या माध्यमिक शाला भूसू के शिक्षक राबर्ट लकड़ा के खिलाफ लगातार 11 वर्षों से अनाधिकृत अनुपस्थिति के मामले में विभागीय जांच पूरी कर ली गई है। जिला पंचायत सरगुजा द्वारा जारी अंतिम सूचना में उन्हें तीन दिनों के भीतर संबंधित कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया है, अन्यथा एकतरफा सेवा से बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाएगी। राबर्ट लकड़ा 12 फरवरी 2014 से बिना किसी सूचना के अपने कर्तव्यों से अनुपस्थित हैं। कई बार कारण बताओ नोटिस जारी करने के बावजूद उन्होंने कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया। आरोप-पत्र और दस्तावेजों की तामिली के प्रयास भी विफल रहे क्योंकि उनका कोई संपर्क उपलब्ध नहीं हो सका। परिस्थितियों को देखते हुए 9 जून 2023 को विभागीय जांच शुरू की गई और 4 मार्च 2025 को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिसमें श्री लकड़ा के विरुद्ध लगे आरोप प्रमाणित पाए गए। अब अंतिम सूचना जारी करते हुए उन्हें 3 दिनों के भीतर उपस्थित होकर साक्ष्य प्रस्तुत करने का अंतिम अवसर दिया गया है। यदि शिक्षक श्री लकड़ा नियत समय में उपस्थित नहीं होते हैं, तो उनकी सेवा समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी उनकी होगी।



रमज़ान मुबारक
बारहवां रोजा
आज का इफ्तार - 6.09 बजे
कल की सेहरी - 4.43 बजे

## जिन कमियों के कारण कटे नम्बर उन्हें किया जा रहा दूर

# खोई पहचान और 5 स्टार रेटिंग हासिल करने नगर निगम ने शुरू की तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- सड़क डामरीकरण, सौन्दर्यीकरण पर विशेष फोकस

स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर शहर में तैयारियां शुरू कर दी गई है। पिछली बार स्टार रेटिंग में आई गिरावट के बाद निगम प्रशासन कमियों को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। यही वजह है कि इस बार डोर टू डोर कचरा प्रबंधन के साथ ही शहर के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शहर की सडकों के मरम्मत, एसएलआरएम सेंटरों, सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों के मरम्मत कार्य के साथ ही थ्रीडी वाल पेंटिंग सहित अन्य कार्य कराए जा रहे है ताकि निगम की खोई हुई पहचान और 5 स्टार रेटिंग को फिर से हासिल किया जा सके।

बता दें कि देश में स्वच्छता सर्वेक्षण की शुरुआत होने के बाद से ही नगर निगम ने लगातार देश में अपनी बादशाहत कायम रखी है और प्रत्येक वर्ष नए नए इनोवेशन और अपने कार्यों के बल पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई लेकिन पिछली बार वर्ष 2023 के स्वच्छता सर्वेक्षण परिणाम में नगर निगम को भारी नुकसान उठान पड़ा। स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान सर्टिफिकेशन की श्रेणी में स्टार रेटिंग और वाटर प्लस के अंतर्गत रोड मार्किंग, ⏭शेष पेज 4 पर






स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए की गई वाल पेंटिंग।

### अब तक का सफर

नगर निगम ने एसएलआरएम मॉडल को शुरू किया और अब यह पूरे देश में लागू किया जाता है लेकिन पिछली बार निगम को ही मायूसी का सामना करना पड़ा है। निगम के पिछले आंकड़ों पर नजर डालें तो नगर निगम स्वच्छ सर्वेक्षण 2017 में दो लाख की जनसंख्या में देश में प्रथम एवं पूरे देश में 15वें स्थान पर था। स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 में दो लाख की जनसंख्या में देश में प्रथम, बेस्ट प्रैक्टिस इनोवेशन में देश में अव्वल एवं पूरे देश में 11वें स्थान पर था। स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 में दो लाख की जनसंख्या में देश में प्रथम एवं पूरे देश में 2रे स्थान में था वहीं इसे 5 स्टार रेटिंग से पुरस्कृत किया गया था। स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में 1 लाख से 10 लाख के जनसंख्या के शहरो में अंबिकापुर अव्वल रहा। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में 1 से 3 लाख में प्रथम एवं देश में पांचवा तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में 1 से 3 लाख में द्वितीय एवं देश में पांचवां स्थान हासिल किया था। वर्ष 2022 में नगर निगम को स्वच्छता सर्वेक्षण में देश में चौथा स्थान हासिल हुआ था और फाइव स्टार रैंकिंग की श्रेणी में शामिल था जबकि वर्ष 2023 में नगर निगम को भारी नुकसान उठाना पड़ा और निगम दो 3 स्टार रैंकिंग में पहुंच गया जबकि देश में नेशनल रैंकिंग में निगम भी 27वें नम्बर पर आ गया था।

### भट्ठीकला में स्थापित हुआ प्रोसेसिंग प्लांट

नगर निगम के सेनेटरी पार्क स्थित टर्सरी सेग्रीगेशन सेंटर में आग लगने के कारण विगत वर्ष निरीक्षण नहीं हो पाया था। इस बार निगम आयुक्त द्वारा नए सिरे से सेग्रीगेशन के कार्य को भिट्ठीकला में शिफ्ट कर दिया गया है। वहीं भिट्ठी कला में ही प्लास्टिक से दाना और आरडीएफ बनाने का प्लांट भी शिफ्ट कर दिया गया है जबकि सडक से उठने वाले कचरे और खाद की प्रोसेसिंग के लिए भी प्लांट को भिट्ठीकला में स्थापित किया गया है। इन कार्यों की बदौलत नगर निगम अगला स्वच्छता सर्वेक्षण करने की तैयारी में है।

### एसएलआरएम सेंटरों का उन्नयन

शहर में 48 वार्डों से डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य के लिए 20 एसएलआरएम सेंटर स्थापित है। वर्षों से संचालित इन एसएलआरएम सेंटरों में कमी कमियां आ गई थी। एसएलआरएम सेंटर काफी पुराने हो गए थे इसलिए एसएलआरएम सेंटरों के मरम्मत का कार्य किया जा रहा है और एसएलआरएम मरम्मत का कार्य अब अंतिम चरण में है। एसएलआरएम सेंटरों में कचरा संग्रहण के लिए 100 मैनुअल रिक्शा के साथ ही 10 ऑटो टिपर रिक्सा के मरम्मत का कार्य पूर्ण हो गया है। शहर में लगभग 40 सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालय है और इन सभी सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों के उन्नयन का कार्य पूर्ण हो गया है। शौचालयों के मरम्मत के साथ ही रख रखाव को नगर निगम द्वारा व्यवस्थित किया गया है।

### सौंदर्यीकरण की दिशा में हुए ये काम

स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान सौंदर्यीकरण का अहम योगदान होता है। पिछली बार सर्टिफिकेशन के दौरान सौंदर्यीकरण के अंक काटे गए थे। यही वजह है कि शहर की प्रमुख सड़कों के डामरीकरण के साथ ही उनमें मार्किंग का कार्य तेजी से चल रहा है जबकि स्ट्रीट वाल के पेंटिंग का कार्य भी किया गया है। दीवारों पर थ्री डी पेंटिंग की गई है। रिंग रोड के डिवाइडर की पेटिंग, फुटपाथ के मरम्मत का काम चल रहा है।

### चल रही है तैयारियां

स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर नए सिरे से कार्य किए जा रहे है। कमियों को दूर किया जा रहा है। सड़कों के डामरीकरण, सौन्दर्यीकरण व एसएलआरएम सेंटरों के मरम्मत का कार्य चल रहा है। शौचालयों की सफाई व्यवस्था पर विशेष फोकस है। इस बार हमारा लक्ष्य 5 स्टार रैंकिंग को फिर से हासिल करना है।

**-डीएन कश्यप**, आयुक्त नगर निगम

## मानसिक रूप से नि:शक्त नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कोर्ट ने सुनवाई के बाद दिया फैसला, वर्ष 2023 की घटना



घर पर अकेली मानसिक रूप से कमजोर नाबालिग से जबरन दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पॉक्सो एक्ट कमलेश जगदल्ला ने आरोपी युवक को विभिन्न धाराओं के तहत 20 वर्ष के सश्रम की सजा सुनाई है। इसके साथ ही नाबालिग को क्षतिपूर्ति योजना के थ 5 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने का आदेश दिया है।

न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत रहने वाली 17 वर्ष 10 माह की नाबालिग मानसिक रूप से कमजोर है और 12 मार्च 2023 को नाबालिग के माता-पिता गांव में मजदूरी करने गए हुए थे जबकि उसके दो छोटे बच्चे खेलने गए हुए थे। जब शाम को 5 बजे नाबालिग के माता-पिता मजदूरी करके वापस लौटे हो बच्ची ने परिजन को बताया कि दोपहर में 2 बजे वह गांव में घूम रही थी। इस दौरान आरोपी नकुल पैकरा उससे बात करते हुए अपने घर ले गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। इस घटना के बाद परिजन द्वारा मामले की शिकायत बतौली थाना में की गई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने भादवि की धारा 376 (2) (ढ) एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा-03 (क)/4, 5 (ट)/6 के अपराध दर्ज कर आरोपी बतौली मानपुर कुकुरढोढी निवासी 44 वर्षीय नकुल राम आ. संत राम कंवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। 12 मार्च को इस प्रकरण की अंतिम सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पॉक्सो एक्ट कमलेश जगदल्ला के कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान आरोपी की पुष्टि हुई। कोर्ट ने माना की मानसिक रूप से निःशक्त नाबालिग के साथ आरोपी ने दुष्कर्म किया है और इस प्रकरण में आरोपी पर नरमी बरते जाने से समाज में गलत सन्देश जाएगा। इस लिए कोर्ट में मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी युवक नकुल राम कंवर को भादवि की धारा 376(2)(ठ) के तहत 20 वर्ष के सश्रम कारावास, 1 हजार रुपए अर्थदंड व अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर 1 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा दी है। इसी प्रकार धारा-03 (क)/04(1) पॉक्सो एक्ट 2012 के तहत 20 वर्ष के सश्रम कारावास, 20 हजार रुपए अर्थदंड व अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर 1 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा दी है। धारा-05 (ट)/06 पॉक्सो एक्ट 2012 के तहत 20 वर्ष के सश्रम कारावास, 1 हजार रुपए अर्थदंड व अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर 1 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा दी है। आरोपी को दी गई तीनों सजाएं एक साथ चलेगी। इसके साथ ही कोर्ट ने नाबालिग को क्षतिपूर्ति योजना के तहत 5 लाख रूपए की क्षतिपूर्ति राशि देने का आदेश दिया है।







12-Ambikapur-Bhoomi pg 2_Layout 1 3/12/2025 9:15 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### योग-साधिका सम्मान कविता सम्मानित



**मनेन्द्रगढ़।** पतंजलि योग समिति योग समिति एमसीबी की सदस्य कविता मंगतानी को योग साधिका सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान विजय नर्सरी हायर सेकेंडरी विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में वरिष्ठ समाजसेविका एवं विजय नर्सरी स्कूल की चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सेंगर द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी संस्था वी क्लब के समस्त महिला पदाधिकारी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कविता मंगतानी सरस्वती शिशु मंदिर योग प्रांगण में प्रतिदिन प्रातः कालीन सत्र में संपन्न होने वाले योग कक्षा में सर्वाधिक उपस्थिति रही है। पतंजलि योग समिति के वरिष्ठ योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय एवं श्रीमती बलवीर कौर (लाडी)के द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर के खेल प्रांगण में पिछले कई वर्षों से प्रातः 6 बजे से योग कक्षा लगाई जा रही है।

### संविदा स्वीकृत पदों में नियुक्ति के लिए सूची प्रकाशित

**बैकुण्ठपुर।** भारत सरकार द्वारा एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण के लिए अम्ब्रेला योजना के तहत मिशन शक्ति की शुरूवात की है। महिला एवं बाल विकास के द्वारा मिशन शक्ति अंतर्गत जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिला स्तरीय हब के लिए जिले में 7 स्वीकृत संविदा पदों की पूर्ति के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण/मूल्यांकन उपरांत पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन किया जा कर तत्संबंध में अंतिम तिथि 3 जनवरी तक कार्यालयीन समय में दावा-आपत्ति आमंत्रित किया किया गया था। प्राप्त दावा-आपत्ति का निराकरण उपरांत वॉक इन इंटरव्यू/कौशल परीक्षा के लिए पात्र अभ्यर्थियों की सूची प्रकाशित किया जा रहा है। वॉक इन इंटरव्यू/कौशल परीक्षा के लिए तिथि के संबंध में पृथक से सूचना प्रकाशित की जाएगी, जिसका अवलोकन जिले के वेबसाईट/कार्यालयीन सूचना पटल पर किया जाएगा। वॉक इन इंटरव्यू/कौशल परीक्षा के लिए पात्र अभ्यर्थियों की सूची का अवलोकन कोरिया जिले की वेबसाईट व कार्यालय के सूचना पटल पर किया जा सकता है।

### महिला सशक्तिकरण के लिए भर्ती वॉक-इन-इंटरव्यू 20 को

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण के लिए संविदा पदों की भर्ती की जा रही है। भारत सरकार द्वारा एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा संरक्षण एवं सशक्तिकरण के लिए अम्ब्रेला योजना के तहत मिशन शक्ति की शुरूआत की गई है। मिशन शक्ति अंतर्गत जारी दिशा-निर्देशों के अनरूप जिला स्तरीय हब के लिए जिले में 7 स्वीकृत संविदा पदों की पूर्ति के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों को परीक्षण/मूल्यांकन उपरांत पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन उपरांत पात्र उम्मीदवारों का वाक इंटरव्यू कौशल परीक्षा 20 मार्च 2025 को समय 11.00 बजे प्रातः से स्थान स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल मनेन्द्रगढ़ जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी भरतपुर आयोजित किया जाना है। अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन के साथ संलग्न समस्त दस्तावेजों की मूल प्रति एवं परिचय पत्र साथ ही पहचान पत्र (आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आईडी, पैन कार्ड आदि) भी अनिवार्य रूप से लाना होगा।

### होली पर्व पर कल शुष्क दिवस

**बैकुण्ठपुर।** होली पर्व के मद्देनजर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले में 14 मार्च को शुष्क दिवस घोषित किया है। यह निर्णय आबकारी आयुक्त छग द्वारा जारी निर्देशों के तहत लिया गया है। छग आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 24 (1) के तहत जिले में संचालित सभी देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें, कंपोजिट दुकानें, एफएल 3(ग) (पर्यटन बार) और एफएल 4(क) (व्यवसायिक क्लब) को इस दिन पूरी तरह बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है ।

रंगों से सजा बाजार, जमकर हो रही खरीदी

# होलिका दहन आज, कल मनाई जाएगी होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

बुराई पर अच्छाई के जीत का प्रतीक के रूप में होली पर्व के एक दिन पूर्व होलिका दहन की जाती है। इस वर्ष 13 मार्च को होलिका दहन की जाएगी, इसके लिए बच्चों के लिए शहर के अलग-अलग क्षेत्रों होलिका तैयार की गई है।

होलिका दहन को लेकर सबसे ज्यादा उत्साह बच्चों व किशोरों में देखने को मिलता है। यही कारण है कि शहर के अलग -अलग क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों कुछ दिनों पूर्व से ही बच्चों के द्वारा होलिका के लिए लकड़ियां एकत्र करने के साथ झाड़ियों को काटकर होलिका तैयार करने में जुट गए थे, जिसे आज सजाकर रात्रि शुभ मुहूर्त में होलिका का दहन किया जाएगा। बैकुण्ठपुर शहर के कई क्षेत्रों में बच्चों के द्वारा होलिका तैयार की गई है, जहां आज रात्रि शुभ मुहूर्त में विधि-विधान के साथ पूजा -अर्चना कर होलिका का दहन किया जाएगा। इसके दूसरे दिन 14 मार्च को रंगों का पर्व होली उल्लास उमंग के साथ मनाई जाएगी। होली पर्व के पूर्व होलिका दहन का पौराणिक महत्व है।



दहन के लिए तैयार होली



रंगो से सजा बाजार

**बुराई पर अच्छाई के जीत का प्रतीक**

होलिका दहन बुराई पर अच्छाई के जीत का प्रतीक है। पौराणिक कथाओं के अनुसार राजा हिरण्य कश्यप कश्यप अहंकारी राजा था और वह स्वयं को भगवान का रूप मानता था, लेकिन उसका पुत्र प्रहलाद भगवान विष्णु का परम भक्त था। जिस पर प्रहलाद के पिता ने अपनी बहन होलिका जिसे आग में न जलने का वरदान प्राप्त था, उसे आदेश दिया कि प्रहलाद को गोद में बैठाकर आग में बैठ जाए, ताकि प्रहलाद जल जाए, लेकिन ऐसा करने पर प्रहलाद तो आग से बच गए, लेकिन होलिका जलकर भस्म हो गई। इसके बाद से ही होलिका दहन किया जाने लगा।



# चरचा थाने में शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी।

होली और रमजान के अवसर पर थाना चरचा में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पालिका शिवपुर चरचा और थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम पंचायतों के नवनिर्वाचित सरपंच, उप सरपंच और पंच शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य शांति, सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देना था।

बैठक में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रमोद पांडेय ने कहा कि समाज में शांति और सद्भाव बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे होली और रमजान के त्योहारों को मिल-जुलकर शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। बैठक में तर्रा बसेर, जगतपुर, नगर, रटगा, उमझर, जूनापारा, बिशुनपुर, फूलपुर, खरवत, सरडी, चेरवापारा और आमगांव के नवनिर्वाचित सरपंच, उप सरपंच और पंच उपस्थित रहे। सभी ने अपने क्षेत्र में आपसी भाईचारा और सौहार्द को बनाए रखने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान मुस्लिम समुदाय के सदस्यों ने हिंदू समुदाय के होली पर्व की सराहना की, वहीं हिंदू समुदाय ने रमजान पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल और उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदस्य मोहम्मद शराफत अली और कलामुद्दीन अंसारी को गले लगाकर रमजान की बधाई दी। इसी तरह अंजुमन कमेटी के पदाधिकारियों ने भी तहे दिल से होली की शुभकामनाएं दीं। थाना परिसर में पहली बार दोनों समुदायों के प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने त्योहारों के पूर्व आपसी भाईचारे को मजबूत करने की मिसाल पेश की। इस पहल की सभी ने मुक्त कंठ से सराहना की।

बैठक में नगर पालिका कार्यवाहक अध्यक्ष अरूण जायसवाल, नपा उपाध्यक्ष राजेश सिंह, नायब तहसीलदार कामेश कश्यप, थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रमोद पांडेय, वरिष्ठ पत्रकार नीरज गुप्ता, अंकित अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु मुदुली, पार्षद प्रदीप तिवारी, कुंडल सायं, संजय देवांगन, धर्मपाल, जनपद सदस्य गणेश राजवाड़े, सरपंच रामाशंकर सिंह, पीसी पांडेय, अनिल सिंह, रामाधार और अंजुमन इस्लामिया कमेटी के पदाधिकारी मो. शराफत अली, मो. कमालुद्दीन अंसारी, गोलू भाई सहित नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

# लंबित कार्यों को प्राथमिकता से करें पूर्ण



**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में जनपद पंचायत के अमृत सदन सभा कक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न विभागीय विषयों की समीक्षा करते हुए विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई और विभिन्न विभागों के लंबित कार्यों की समीक्षा की गई और शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए।

वहीं कलेक्टर ने बताया कि राजस्व विभाग के तहत जमीन आवंटन, ऋण पुस्तिका, नक्शा-खसरा जैसे महत्वपूर्ण प्रकरणों को शीघ्र निपटाने के लिए निर्देश दिए गए। वहीं लोक निर्माण विभाग से संबंधित सर्किट हाउस, जिला पंचायत भवन, पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सामने स्थित भवनों को खाली कराने और मनेन्द्रगढ़-खड़गवां-भरतपुर में सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को आमाखेरवा में 220 बेड का अस्पताल, खोंगापानी में मेडिकल हॉल और पीएचसी खड़गवां व आयुष सीएचसी की पार्किंग व्यवस्था को जल्द पूरा करने को कहा गया। शिक्षा विभाग के तहत स्कूल, गर्ल्स कॉलेज, नवोदय विद्यालय और आयुष हॉस्टल के लिए जमीन आवंटन को स्वीकृति दी गई। वन विभाग और आदिम जाति कल्याण विभाग के अंतर्गत आने वाली भूमि का निरीक्षण कर कार्य शुरू करने की बात हुई। ऊर्जा विभाग को चिरमिरी, डोमनहिल और खोंगापानी में ट्रांसफार्मर लगाने के निर्देश दिए गए। खेल विभाग को खेल सुविधाओं के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया जल्द पूरी करने के लिए कहा गया। पर्यटन विभाग से गोंडवाना फॉसिल पार्क में वॉशरूम और पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने और जेल रोड में म्यूजियम निर्माण का कार्य जल्द पूरा करने के लिए कहा गया। वहीं औद्योगिक विकास विभाग से 2021 से लंबित उद्योग कार्यालय के प्रकरण का शीघ्र निपटारा करने को कहा गया।

# नर्सिंग कॉलेज में धूमधाम से मनी होली

**बैकुण्ठपुर।** शहर के हर्रापारा में संचालित राजवाड़े इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में बीएससी और जीएनएम नर्सिंग के छात्र-छात्राओं, प्राचार्य और अध्यापकों के साथ धूमधाम से होली पर्व मनाया गया। रंगों और गुलाल के साथ सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और होली के रंगों के महत्व पर चर्चा की। संस्था में आयोजित इस कार्यक्रम में लाल, हरा, गुलाबी, नीला और पीला रंग के प्रतीकों को समझाया गया। इसमें लाल रंग प्रेम और ऊर्जा का प्रतीक रहा, तो हरा रंग नई शुरूआत का प्रतीक, गुलाबी रंग गिले-शिकवों को मिटाकर दोस्ती का प्रतीक, नीला रंग स्थिरता का प्रतीक, पीला रंग खुशियों और उत्सव का प्रतीक रहा। संस्थान के छात्र-छात्राओं ने गानों और रंगों के साथ होली का आनंद लिया। इस अवसर पर प्राचार्य और अध्यापिकाओं ने भी आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के सभी स्टाफ और छात्रों का सहयोग सराहनीय रहा।



होली खेलती नर्सिंग की छात्राएं

# धनुहर नाले पर फिर पलटा ट्रक, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

धनुहर नाले पर दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात कोयले से भरा एक ट्रक एक तरफा चढ़ाई के कारण बैक होकर पलट गया। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई, लेकिन ट्रक को भारी नुकसान पहुंचा है।

- निर्माण कार्य के लिए मिल गई है स्वीकृति- कलेक्टर

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस नाले पर वर्षों से हादसे हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन अब तक इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकाल पाया है। अब तक सैकड़ों ट्रक यहां पलट चुके हैं, जिससे वाहन चालकों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।



# नारी शक्ति सम्मान समारोह में महिलाओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

अंतरराष्टीय महिला दिवस के अवसर पर द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब ऑफ इंडिया की चरचा शाखा अपराजिता वी क्लब द्वारा साकेत सदन में नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं की उपलब्धियों और संघर्षों को सम्मानित किया गया।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष श्रीमती अनीता फरमानिया एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती वंदना राजवाड़े, उर्मिला मांडवी, पम्मी अरोड़ा, गीता शुक्ला, श्रीमती लालमुनि यादव, दीपा विश्वकर्मा और कुमारी काजल मोदी की उपस्थिति में हुआ। अध्यक्षता श्रीमती झुमरू डे ने की। मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। कार्यक्रम में सुमधुर गीत-संगीत प्रस्तुत किए गए। साथ ही बच्चियों की शिक्षा जागरूकता पर आधारित मार्मिक नाटक मंचित किया गया, जिसने सभी को भावुक कर दिया। इस नाटक में एक रूढ़िवादी पिता अपनी बेटी को पढ़ने से रोकता है और कम उम्र में उसकी शादी कर देता है, लेकिन बेटी संघर्ष कर डॉक्टर बनती है और अंत में अपने ही पिता का इलाज करती है। इस प्रस्तुति ने उपस्थितजन की आंखें नम कर दीं।

इसके बाद स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वालों में श्रीमती आराधना, श्रीमती ताहिरा, श्रीमती पाल, बीना सिंह, सुमन एक्का, सरस्वती राजवाड़े, नीलम सोनी, संतरा, रानी, मोनिका विश्वास, बैसाखी डे शामिल रहीं, इसके अलावा लगातार तीन नेशनल फुटबॉल गेम्स में छग का प्रतिनिधित्व करने वाली युवा खिलाड़ी कुमारी पूजा एवं शीतल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही दसवीं एवं बारहवीं कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं नूरी सबा एवं पीहू राव को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था अध्यक्ष श्रीमती झुमरू डे ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था की सक्रिय सदस्य शिल्पा शर्मा, नीलम सिंह, नम्रता सिंह, कविता मंडल विश्वास, खुशबू सिंह, शबनम, ऋचा श्रीवास्तव, निशांत खान, सरिता श्रीवास्तव, प्रेम नील पासवान, रूपा विश्वकर्मा, प्रिया शर्मा, किरण सहित अन्य महिलाओं ने योगदान दिया।

# जिला पंचायत में होली मिलन समारोह

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार और जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता शर्मा सोम के मार्गदर्शन में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यशवंती सिंह और जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू की उपस्थिति में जिला पंचायत का प्रथम सम्मेलन जनपद पंचायत के सभा कक्ष में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर जिला पंचायत सदस्यों और अधिकारियों ने एक साथ मिलकर जनहित के मुद्दों पर चर्चा की और विकास कार्यों की दिशा में सार्थक पहल की। सम्मेलन के उपरांत होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें रंगों और फूलों की छटा बिखरी। सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने प्रेम, सौहार्द्र और स्नेह के रंगों में सराबोर होकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। होली के इस उल्लासमय आयोजन में सभी ने एकजुटता और भाईचारे का संदेश दिया। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सोम ने कहा कि जिस तरह होली के रंग हर किसी के जीवन में खुशियां भरते हैं, उसी तरह हमें भी समाज में प्रेम, सौहार्द्र और समर्पण की भावना को प्रबल बनाना चाहिए। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यशवंती सिंह और उपाध्यक्ष राजेश साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी भावनाओं को शब्दों में व्यक्त किया और जिले के सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता जताई। जिला अधिकारियों ने भी इस आयोजन को और अधिक सतरंगी बनाने का प्रयास किया। समर्पण और सद्भावना के इस पावन पर्व पर सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इस अवसर पर भरतपुर से श्रीमती अनिता चौधरी, कंजिया से श्रीमती सुखमंती सिंह, कोटाडोल से श्रीमती बेलाकुंवर आयाम, केल्हारी से श्रीमती अनिता सिंह, ताराबहरा से अजीत नारायण, चैनपुर से रामजीत लकड़ा, देवाड़ांड से श्रीमती ममता सिंह और खड़गवां जनपद पंचायत क्षेत्र से श्रीमती प्रिया सिंह के साथ सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




# कोरिया पुलिस ने कोयला माफिया पर कसा शिकंजा

**बैकुण्ठपुर।** जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन लगातार सतर्कता बरत रहा है।

इसीक्रम में थाना प्रभारी पटना के प्रतिवेदन एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे द्वारा गंभीर आपराधिक प्रवृत्ति के आरोपी शक्तिपाल सिंह उर्फ शनि के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। 7 मार्च को प्रस्तुत पुलिस प्रतिवेदन के अनुसार, 4 मार्च की रात ग्राम पूटा निवासी शक्तिपाल सिंह ने वन विभाग के अधिकारियों से कोयले से भरे ट्रैक्टर को जबरन कब्जे में ले लिया। उसने सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की, कर्मचारियों से गाली-गलौज की और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। शक्तिपाल सिंह 2012, 2020 और 2025 में कई गंभीर अपराधों में संलिप्त रहा है। उसके खिलाफ मारपीट, धमकी, सरकारी कार्य में बाधा और अन्य गंभीर मामलों में प्राथमिकी दर्ज है।

# गांवों में बुनियादी सुविधाओं को करेंगे सुदृढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला पंचायत कोरिया के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का कार्यभार ग्रहण समारोह एवं प्रथम सम्मिलन का आयोजन बुधवार को जिला पंचायत के ऑडिटोरियम परिसर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े सहित सभी सदस्यों ने पंचायत राज अधिनियम के तहत कार्य करने की शपथ ली। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने सभी को शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में सबसे पहले महात्मा गांधी के छाया चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन कर आयोजन का शुभारंभ हुआ। जिला पंचायत के अधिकारियों द्वारा मंच पर उपस्थित अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया गया। जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहित राम पैकरा ने सबसे पहले शपथ ग्रहण किया, उसके बाद उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, सदस्य श्रीमती संगीता सोनवानी, शिव कुमारी, गीता राजवाड़े, सुषमा कोराम, स्नेहलता गोंड, राजेश कुमार साहू एवं सुरेश कुमार सिंह ने भी पदीय कर्तव्यों को निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली। इस आयोजन में जनपद पंचायत बैकुंठपुर के अध्यक्ष उदय सिंह, सोनहत जनपद पंचायत अध्यक्ष आशा सोनपाकर, नगर पालिका शिवपुर चरचा के अध्यक्ष अरूण जायसवाल, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, पटना नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शैलेश शिवहरे सहित जिले के गणमान्य नागरिक देवेन्द्र तिवारी, संजय सिंह कमरो, कृष्ण बिहारी जायसवाल, पंकज गुप्ता सहित अन्य प्रतिनिधि और विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी व अधिकारी-कर्मचारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।





### समर्पित होकर करेंगे कार्य

जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने कहा कि जिला पंचायत ग्रामीण विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है और हम सबकी जिम्मेदारी है कि अपने क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित होकर कार्य करें। हमारी प्राथमिकता गांवों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना, शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संसाधन और सड़क व्यवस्था को मजबूत बनाना है।

# नवगठित एमसीबी में जिला पंचायत का प्रथम सम्मिलन



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम शर्मा के मार्गदर्शन में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के जनपद पंचायत के अमृत सदन सभाकक्ष में नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू और तथा समस्त जिला सदस्यों के साथ बुधवार को जनपद सदस्यों का प्रथम सम्मेलन आयोजित किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी को जनता ने विश्वास और आशा के साथ इस पद पर चुना है और अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस विश्वास पर खरा उतरें। पंचायत राज प्रणाली का मूल उद्देश्य गांवों का समग्र विकास और प्रत्येक नागरिक तक शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। आप सभी इस विकास यात्रा के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। पारदर्शिता, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि हर गांव और हर परिवार को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। मैं आशा करती हूं कि हम सब मिलकर जनपद को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

## खबर संक्षेप

### देशी कट्टा लेकर घूम रहा था युवक, पुलिस ने पकड़ा

**अंबिकापुर।** पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक टीवीएस स्पोर्ट बाइक से घूम रहा है और अपने पास रखे देशी कट्टा को लोगों को दिखा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ग्राम जमई लड़ो नदी के पास पहुंची। इस दौरान टीवीएस स्पोर्ट बाइक क्रमांक यूपी 64 एवाई 9436 सवार युवक को रोककर उसकी गवाहों के समक्ष तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवक की बाइक की डिक्की से एक देशी कट्टा बरामद किया गया। युवक की पहचान यूपी के सोनभद्र बभनी चैनपुर निवासी 32 वर्षीय संजय कुमार विश्वकर्मा आ. चन्द्रबली विश्वकर्मा के रूप में की गई है। पुलिस ने युवक से 5 हजार रूपए कीमत का देशी कट्टा और 40 हजार रुपए कीमत की बाइक को जब्त कर आरोपी के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## निधन

### बजरंगी शर्मा

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के ओसीएम सहक्षेत्र से सेवानिवृत्त माइनिंग सरदार बजरंगी शर्मा का



निधन हो गया। वे 74 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार अंबिकापुर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्र मनीष शर्मा समेत भरापूरा परिवार शोकाकुल छोड़ गए हैं। ज्ञात हो कि बजरंगी शर्मा वर्ष 2013 में एसईसीएल से सेवानिवृत्त हो चुके थे। सामाजिक कार्यकर्ता होने के साथ पूर्व में इनमोसा एसईसीएल बिलासपुर जोन के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

रा.प्र.क्र.-------/अ-20(3)/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक बाबूलाल अग्रवाल आ. गनपत राम अग्रवाल निवासी हाउस नम्बर-135 राममंदिर रोड ब्रम्हपारा थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा, छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला ब्रम्हपारा ब्रम्हरोड नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर 8 स्थित प्लाट नम्बर 3216/1 रकबा 0.03/1306.8 वर्गफीट भूमि को अनावेदक/क्रेता नीरज जैन आ. सुरेन्द्र कुमार जैन निवासी कुण्डला सिटी नियर अग्रसेन भवन अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ.ग. के पास बिक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 28/03/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।

आज दिनांकः 06/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर**

## परिजन ने लगाया गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप

# झोलाछाप डॉक्टर के इंजेक्शन लगाते ही बिगड़ी महिला की तबीयत, हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य के प्रति स्वास्थ्य विभाग न सिर्फ सजग है बल्कि गांव-गांव में प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की सुविधा उपलब्ध कराई गई है जहां लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके। हैरानी की बात तो यह है कि आज भी ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में जागरूकता की कमी है और अस्पताल के बजाय गांव में घूम-घूम कर इलाज करने वाले झोलाछाप डॉक्टर से ही उपचार कराना उचित समझते है।

**खास बात**

- झोलाछाप डॉक्टर के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग

बसंतपुर क्षेत्र के ग्राम धलुईझोर निवासी एक महिला को झोलाछाप डॉक्टर से उपचार कराना उस वक्त महंगा पड़ गया जब झोलाछाप डॉक्टर के इंजेक्शन लगाते ही महिला की तबीयत गंभीर हो गई। परिजन महिला को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन झोलाछाप डॉक्टर के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार बसंतपुर थाना अंतर्गत ग्राम धलुईझोर निवासी लक्ष्मनिया पति लोभावन (35 वर्ष) मंगलवार को पैर, हाथ व शरीर में दर्द होने की शिकायत करने लगी। लक्ष्मनिया की पुत्री सुशीला ने बताया कि मां की दर्द बढ़ जाने पर गांव में घूम-घूम इलाज करने वाले झोलाछाप डॉक्टर ग्राम गोवर्धनपुर निवासी विनोद वर्मा के गांव आने पर उसे देख लक्ष्मनिया दर्द बढ़ जाने तथा उपचार करने की बात कही। झोलाछाप डॉक्टर महिला की जांच कर तीन इंजेक्शन तैयार किया। जैसे ही एक इंजेक्शन लगाया तभी लक्ष्मनिया को उल्टी होने के साथ मौके पर ही अचेत हो गई। महिला के बेहोश हो जाने पर परिजन के होश उड़ गए और उसे निजी वाहन से तत्काल वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई। परिजन का आरोप है कि झोलाछाप डॉक्टर द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने से मौत हुई है। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर अग्रिम कार्रवाई के लिए डायरी संबंधित थाना भेजने की तैयारी में है।



पीएम कक्ष के सामने आरोप लगाते परिजन व ग्राम के लोग।

**मरीज को छोड़ भागा झोलाछाप डॉक्टर**

परिजन ने बताया कि झोलाछाप डॉक्टर विनोद वर्मा ने दर्द कम होने के लिए तीन इंजेक्शन तैयार किया था। डॉक्टर तीन में से एक इंजेक्शन लगा तभी महिला उल्टी करने के साथ बेहोश हो गई। इधर परिजन महिला के अचेत हो जाने पर घबरा गए तो वहीं झोलाछाप डॉक्टर उपचार करने के बजाय मौका पाते ही ग्रामीण के घर से फरार हो गया। हालांकि परिजन डॉक्टर का पकड़ने की कोशिश की लेकिन वह भागने में सफल हो गया। परिजन ने डॉक्टर के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

## होली के उपलक्ष्य में तुलसी साहित्य समिति की काव्यगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



तुलसी साहित्य समिति ने होली के उपलक्ष्य में केशरवानी भवन में पूर्व एडीआईएस ब्रह्माशंकर सिंह की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ व्याख्याता सच्चिदानंद पाण्डेय, पूर्व बीईओ एसपी जायसवाल और केके त्रिपाठी के आतिथ्य में काव्य गोष्ठी की। गोष्ठी मां वागेश्वरी की पूजा एवं रामचरितमानस और एसपी जायसवाल द्वारा सृजित सरगुजिहा रामायण के संक्षिप्त पाठ से हुई। प्रकाश कश्यप ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

सच्चिदानंद पाण्डेय ने सबको होली के महत्व को बताया। ब्रह्माशंकर ने कहा कि जीवन में पुरखों की महान विरासत को पर्वों के माध्यम से ही संजोकर रखा जाता है। होली का पर्व समाज की खुशहाली और उन्नति का प्रतीक है, जो समरसता, बंधुत्व, प्रेम, न्याय और धर्म का मार्ग दिखाता है। कवयित्री अर्चना पाठक ने होली के रंगों में व्याप्त सकारात्मकता की चर्चा की तथा कहा कि रंग मानव-मानव के बीच सारे भेदों को समाप्त कर सकते है। यह पर्व हमें न केवल जीवन में प्रेम और सौहार्द्र बनाए रखने की प्रेरणा देता है बल्कि बुराइयों पर अच्छाइयों की जीत का संदेश भी देता हैं। एसपी जायसवाल ने होली के पौराणिक संदर्भों की जानकारी दी। कवयित्री शिरीन खान ने रंग बोलते है प्यार की भाषा, माधुरी जायसवाल ने आशाओं के इस पर्व पर सपनों को सजाएं, आशा पाण्डेय ने एक रंग से रंग दो मन को मेरे यार, आशुतोष उपाध्याय ने बनकर आए थे वो दर पर सफेद कमल, अंजू पाण्डेय ने देखो सब है मगन, झूमें धरती गगन, पूनम दुबे वीणा ने फागुन लाया देखिए रंग भरा उल्लास, पूनम पाण्डेय ने ब्रज में मचने लगा है शोर, होली खेले नंदकिशोर, रामलाल विश्वकर्मा ने मत मारों पिचकारी राधारानी मनुहार करे, आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर ने गालों में गुलाल लगाए, भर रंग मारे पिचकारी रे, मुकुंदलाल साहू ने ढोल-नगाड़े बज रहे, उठे शोर घनघोर, अर्चना पाठक ने होली के रंग में रंगे है सीता संग रघुराई, खिलती कलियां बाग में, बयार बसंती बहती, प्रकाश कश्यप ने होली का मासम है फाग का तराना, डॉ.उमेश पाण्डेय ने होली के रंग में साथ ये तेरे संग है रचना सुनाई। ब्रह्माशंकर सिंह, चंद्रभूषण मिश्र, अमित प्रेम और आनंद सिंह यादव ने भी अपनी कविताएं सुनाई। अंत में जयंत खानवलकर की गीत आओ मिलकर धूम मचाएं, नाचे-गाएं खुशी लुटाएं के साथ गोष्ठी का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश कश्यप और आशा पाण्डेय ने तथा धन्यवाद ज्ञापन पूनम दुबे वीणा ने किया। इस दौरान दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव, शुभम पाण्डेय, प्रमोद आदि उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**अम्बिकापुर।** ग्राम बरढोढ़ी के समीप ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम सिघीटाना निवासी संदीप कुमार आ. लोलेश्वर टोप्पो (19 वर्ष) मंगलवार को गांव के ही कुलदीप के साथ बाइक से ग्राम परसोढ़ी गए थे। शाम 5.30 बजे दोनों बाइक से वापस घर लौटने लगे और जैसे ही बरढ़ोढी के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक के लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां संदीप की उपचार के दौरान मौत हो गई वहीं घायल युवक का उपचार चल रहा है।

## भारत की महिलाएं अब किसी से पीछे नहीं है : मंजूषा भगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा महिला मोर्चा ने महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, योग शिक्षिका श्रीमती ममता अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला, जिला संवाद प्रमुख संतोष दास, वरिष्ठ नेत्री श्रीमती सावित्री जायसवाल, श्रीमती किरण मिश्रा, श्रीमती शकुंतला पाण्डेय, श्रीमती मधु चौदह, श्रीमती देवकी त्रिपाठी, जनपद सदस्य श्रीमती अनामिका पैकरा तथा पार्षद श्रीमती ममता तिवारी के आतिथ्य तथा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती फूलेश्वरी सिंह की अध्यक्षता में महिला दिवस सम्मेलन संकल्प भवन में आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं के लिए खेल प्रतियोगिता हुई जिसमें गिलास को बॉल से गिराना तथा कुर्सी रेस शामिल था। गिलास प्रतियोगिता में प्रथम अलका सोनी, द्वितीय फुलेश्वरी सिंह तथा तृतीय सुषमा जायसवाल तथा कुर्सी रेस में प्रथम फुलेश्वरी सिंह, द्वितीय मधु चौदह तथा तृतीय ममता अग्रवाल रही। इस अवसर पर महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि भारत देश की महिलाएं अब किसी से पीछे नहीं है। अंतरिक्ष से लेकर भू सागर तक महिलाओं ने हर क्षेत्र में सफलता के झंडे गाड़े हैं। अब ग्रामीण महिलाओं को भी हमें आगे लाकर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करना है। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि जहां नारी पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं इसलिए भाजपा की सरकारों ने महिलाओं को सम्मान देते हुए बहुत काम किए हैं जिसका परिणाम है कि बीजेपी को उनका पूरा आर्शीवाद मिल रहा है। उज्जवला गैस, शौचालय निर्माण, महिलाओं के नाम से राशन कार्ड, महतारी वंदन , इनकम टैक्स, जमीन रजिस्ट्री में छूट सहित बीजेपी सरकारों की कई जनकल्याणकारी योजनाओं ने महिलाओं का जीवन बेहतर बनाया है। कार्यक्रम को पूर्व मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष फूलेश्वरी सिंह, वरिष्ठ नेत्री श्रीमती सावित्री जायसवाल ने भी संबोधित किया। जिला संवाद प्रमुख संतोष दास सरल ने महिला दिवस पर अपनी कविता सुनाई। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सोनू तिग्गा ने किया। इस दौरान जिला महामंत्री रश्मि जायसवाल, आशा शुक्ला, इंदु कश्यप, शुभांगी बिहाड़े, नीलम राजवाड़े, सरिता जायसवाल, प्रियंका चौबे, पूनम सिंह, बबली नेताम, नीलू गुप्ता, सुषमा जायसवाल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बिश्रामपुर कॉलेज में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में सोमवार को सभी संकाय के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के सम्मान में प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के प्राचार्य डीपी कोरी के द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र में दीप प्रज्वलन से हुआ।

- छात्र छात्राओं के अलग-अलग ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई



कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को आशीर्वचन के रूप में मार्गदर्शन किया।इस दौरान निशांत मिंज ने छात्र-छात्राओं को अनुशासन में रहने के लिए प्रेरित किया, उन्होंने कहा कि छात्र अनुशासन में रहकर ही अपने भविष्य निर्माण करने में सफल होंगे।प्राचार्य डी पी कोरी ने प्रेरणा स्त्रोत कविता के माध्यम से छात्र-छात्राओं को मंत्रमुग्ध किया, उन्होंने अपने कविता के माध्यम से छात्र-छात्राओं को कहा कि संघर्ष का नाम ही जीवन है महाविद्यालय में पठन-पाठन के लिए आते हैं, संघर्ष करते हैं और अपनी डिग्री लेकर संघर्ष के मैदान में उतरते हैं, सभी छात्र-छात्राओं को उनके भविष्य निर्माण के लिए हमेशा मार्गदर्शन के लिए महाविद्यालय के शिक्षक साथ मौजूद रहेंगे। छात्र-छात्राओं को अपने गांव, शहर,प्रदेश और देश के लिए ईमानदारी से सेवा करने के लिए आह्वान किया गया, छात्र-छात्राओं के अलग अलग ग्रुप द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। विदाई समारोह कार्यक्रम का संचालन सुजल जायसवाल बीएससी द्वितीय वर्ष एवं प्रियंका बी काम द्वितीय वर्ष की छात्रा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण प्रियंका भगत, मनीषा अंजलि तिर्की, शैलेश सिंह, शशिशेखर, निशांत मिंज, घनश्याम दुबे, रजनी सिंह, साकेत दुबे, चन्दन सिंह, मृदुलता शर्मा व अन्य उपस्थित थे।

## कैलाशपुर में किसान संगोष्ठी बड़ी संख्या में किसान हुए शामिल

**मानीचौक।** कैलाशपुर में एक्सटेंशन रिफार्म्स आत्मा योजना अंतर्गत किसान संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के ग्राम पंचायत के बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत कैलाशपुर में शुक्रवार को किसान संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिले के विभिन्न विभाग ने अपने अपने विभाग का स्टॉल लगाकर जानकारी दी। आत्मा योजना के अध्यक्ष अमरनाथ सिंह एवं बिंदुमती पैकरा द्वारा आत्मा योजना अंतर्गत किसानों को मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। वन विभाग के डिप्टी रेंजर धीरेन्द्र सिंह ने किसानों को बताया कि किसान नीलगिरी के पौधा अपने निजी भूमि में लगाए जिसके लिए विभाग निशुल्क पौधा और किसानों को पौधे लगाने के लिए सब्सिडी राशि मुहैया करा रही है और पेड़ तैयार होने के बाद उसे बेचने के लिए कहीं भटकने की जरूरत भी नहीं है क्योंकि विभाग स्वयं खरीदी करेगा। किसान के बाड़ी तक पहुंच खुद से काट कर ले जाएंगे और पेड़ का पूरा राशि किसान को मौके पर ही दिया जाएगा।

उद्यानिकी विभाग से रिमझिम ताम्रकार व अनुप्रिया बड़ा द्वारा किसानों को फलदार पौधा निःशुल्क देने की बात कही। साथ ही एक हेक्टेयर में पौधा लगाकर पोल फेंसिंग के लिए किसानों को 54 हजार रुपए देने की बात बताई। कृषि विज्ञान केंद्र अजीरमा से बीरेंद्र सिंह चौहान ने किसानों के खेतों में जीवात्मा, मृतात्मा, अग्निआत्म,के बारे में जानकारी देते हुए किसानों को अपने अपने घरों में निर्माण करने की विधि बताई व खेती करने की उचित सलाह दी। इस दौरान जीवंती अगरिया, मनोज राजवाड़े, सुरेश कुमार सरदार, अमर सिंह, बघोलन राम, बीरचंद्र सिरदार,कृष्णा पाल, सुधू राम, मोहरलाल, हरिश्चंद्र राजवाड़े, मोहन प्रसाद, बालमोहन, बुधराम प्रजापति, मुन्ना राजवाड़े, नील कमल मिश्रा, विधि गर्ग, गौरीशंकर साहिश,रामरती पैकरा, नम्रता तिग्गा, कटरीना टोप्पो, प्रभा तिर्की, कमला मिश्र सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

डॉ. शैल वर्मा (एमबीबीएस, एमडी) मनोरोग विशेषज्ञ
दिनांक : 26 मार्च 2025
दिन - बुधवार
स्थान
वेलनेस होम फिजियोथेरेपी कायरोप्रैक्टिक ऑस्टियोपैथी क्लिलिक होटल खाना खजाना के सामने महामाया रोड अम्बिकापुर
कुंज बिहारी लाल एंड ब्रदर्स मेडिकल स्टोर
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें
महामाया चौक, अम्बिकापुर, मो. 8966944740, 8889058145

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर) माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
TEJ Tej Diagnostic Group
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनीष चौरसिया
MCH (NEURO SURGEON)
छ.ग. के सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक
डॉ. गौरी शंकर सिंह
MD, (Psychiatry) BHU MBBS (AFMC)
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र
1.5 Tesla MRI
All Diagnostic Facilites
16 मार्च 2025 माह के तीसरे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774-222555, 9425583780, 9826183780
8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

सरगुजा मार्केट

रायपुर के प्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ आपके शहर अंबिकापुर में
डॉ. विकास गोयल
MD Med, DM Haematology
हिमेटोलॉजी एंड ब्लड कैंसर क्लीनिक
खून की कमी, सफेद कोशिकाओं और प्लेटलेट्स की कमी
सिकल सेल एनीमिया, थैलीसीमिया, आदि विकार
सभी प्रकार के रक्त कैंसर (ल्यूकीमिया, लिम्फोमा, मायलोमा)
बगल, जांघों में अथवा गर्दन में गांठ
पेट में तिल्ली, लीवर में सूजन
एवं संबंधित अन्य रोग
दिनांक 23 मार्च 2025 दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
संपर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 23 मार्च 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
संपर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खाँसी, टी.बी, निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर इस्नोफिलिया, PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनांक –16 मार्च, 2025
दिन – रविवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
20 मार्च 2025 दिन गुरूवार
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy urosurgeon)
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना। • पेशाब बूंद-बूंद पर होना।
• पेशाब में जलन। • गुर्दे व पेशाब की नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना। • पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• पेशाब बार-बार होना। • पेशाब की धार न बनना, इत्यादि।
• किडनी, पेशाब थैली। • अण्डकोष प्रोस्टेट कैंसर
Dr FIRDOUSI HOSPITAL MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा दूरबीन विधि LAPAROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) द्वारा ईलाज
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
• गॉल ब्लैडर (पित की थैली)
• अपैण्डिक्स • हार्निया
• पेट में गठान • पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अंबिकापुर
मो.9713667433, 9617247433

TOP IN SURGUJA

श्वास, छाती एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
डॉ. कमल नारायण गुप्ता
MBBS (Pune), DTCD (Kolkata)
Chest Physician
GOLD MEDALIST
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
अपने फेफड़ों की जांच कराएं और आज ही अपने डॉक्टर की सलाह लें!
◆ जटिल अस्थमा (दमा)
◆ टी.बी./क्षय रोग / MDR-TB
◆ गले व छाती में कफ संबंधित समस्या
◆ बैठे- बैठे चलने पर सांस फूलना
समस्त श्वास संबंधित रोगों का निदान जैसे -
◆ छाती में भारीपन और सांस फूलना
◆ छाती में पानी भर जाना, हवा लीक होना
◆ छाती में गठान, फेफड़ों के कैंसर की समस्या
◆ खांसी, जुकाम एवं एलर्जी
◆ बच्चों में आने वाली बार-बार खांसी
◆ खांसी में खून आना

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. ए.एफ. दानिश
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
शनिवार, 22 मार्च 2025
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
• सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment)
• पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia)
• झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy)
• Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना)
• जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज
• लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज
• Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुलना
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

Wellness Home
AN ADVANCE PHYSIOTHERAPY CHIROPRACTIC OSTEOPATHY CLINIC
डॉ. श्रेया गुप्ता
BPT, FOMT (Australia), FNMT Certified Pilates, Cupping and Hijama Therapist
Certified Accupunturist and Dry Needling Therapist
Certified FDM Practitioner (1st in Ambikapur)
मैनुअल थेरेपी
न्यूरी थेरेपी एवं लकवा (चेहरा/शरीर), हड्डी एवं जोड़ों में दर्द (स्लीप डीस्क, फ्रोजन सोल्डर), गर्भावस्था में थेरेपी, ओल्ड ऐज संबंधित थेरेपी, बच्चों की थेरेपी (CP, एड़ी उठाकर चलना), आर्थराइटिस, माँसपेशियों का दर्द (साइटिका, कमर दर्द), सरवाईकल का दर्द
समय
सुबह 10 से 1 बजे तक
शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक
श्रेया डिपार्टमेंट स्टोर के पीछे महामाया रोड, अम्बिकापुर

## खबर संक्षेप

### आकाश मित्तल ने सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में हासिल की सफलता



**राजपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल पतरातु के पूर्व छात्र आकाश कुमार मित्तल ने सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में सफलता अर्जित कर जिले व विद्यालय का मान बढ़ाया है। बता दें कि आकाश कुमार मित्तल ने वर्ष 2022-23 में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल से पढ़ाई पूर्ण की है और कक्षा 12वीं में 94.6 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में सफलता हासिल की थी। इसके बाद आकाश ने आईसीएआई (इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया) द्वारा आयोजित सीए फाउंडेशन परीक्षा के बाद सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में भी अपने पहले प्रयास में ही सफलता हासिल की है। मालूम हो कि बैंकिंग और अकाउन्ट्स के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए सीए (चार्टर्ड अकाउंटेंट) की परीक्षा को प्रमुख माना जाता है। सीए की परीक्षा को तीन चरणों में क्वालीफाई करना होता है। पहले और दूसरे चरण की सफलता के साथ ही आकाश ने तृतीय चरण सीए फाइनल में प्रवेश कर लिया है। आकाश ने अपनी उपलब्धि का पूरा श्रेय विद्यालय के शिक्षकों, प्राचार्य व अपने माता-पिता के उपयोगी मार्गदर्शन को दिया। विद्यालय के प्राचार्य आशुतोष झा ने इस उपलब्धि पर कहा कि हम आकाश की सफलता से बेहद खुश है और उसके उज्वल भविष्य की कामना करते हैं। विदित हो कि आकाश नगर के स्व. बीरबल प्रसाद अग्रवाल के पौत्र, शंकर दयाल अग्रवाल के सुपुत्र और कैलाश अग्रवाल के भतीजे हैं।

### छग कराटे रेफरी संघ के अध्यक्ष बने अनिल बर्नवाल



**अंबिकापुर।** शहर के ब्लैक बेल्ट 4थी डान, सह सरगुजा जिला कराटे संघ के सचिव अनिल बर्नवाल को 10 मार्च को बिलासपुर के जीडी विप्र कॉलेज सभागार में आयोजित समारोह के दौरान कराटे एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ (संबद्ध - छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ) द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य रेफरी कमिशन का चयन किया गया। कराटे एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ की वार्षिक अधिवेशन के अवसर पर पूरे राज्य संघ एवं सभी जिला संघ के अध्यक्ष, सचिव समेत 98 पदाधिकारी उपस्थित शामिल हुए। इसके साथ ही 46 राज्य एवं राष्ट्रीय रेफरी भी मौजूद थे। अनिल बर्नवाल के राज्य कराटे संघ के रेफरी कमिशन के अध्यक्ष चयनित होने पर राज्य संघ के अध्यक्ष सुशील चंद्रा, सचिव अविनाश सेठी एवं तकनीकी निदेशक तापस घोष ने बधाई दी।

### महापौर को वसुधा महिला मंच ने किया सम्मानित



**अम्बिकापुर।** वसुधा महिला मंच ने महापौर श्रीमती मंजुषा भगत को सम्मानित किया। इस अवसर पर संयोजिका वंदना दत्ता, सरिता सिंह, मिलन शर्मा, सरिता भाटिया, रीता अग्रवाल, अनुभा डबराल, तनुश्री मिश्रा, ज्योति द्विवेदी, नमिता चावला, नीलू गुप्ता, लिलि कहकशा, सुधा शर्मा उपस्थित थी। कार्यक्रम में वसुधा सदस्यों ने स्वच्छता दीदियों को हर माह यूजर चार्ज देने के बजाय एक साथ 6 माह या साल भर की राशि एकमुश्त देने का अह्वान किया। शहर में उच्च पद पर महिला की पदस्थापना होने पर वसुधा सदस्य उन्हें सम्मानित करती हैं।

## सुगंधित एवं हर्बल गुलाल की बढ़ी मांग

# चौक-चौराहों पर सजी रंग-गुलाल की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- 12 करोड़ से अधिक का कारोबार होने का अनुमान

रंगों के त्यौहार होली को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। युवाओं एवं छोटे बच्चे होली की तैयारियों में जुटे हैं। चौक-चौराहों पर रंग-गुलाल एवं पिचकारी की दुकानें सज गई हैं।

शहर सहित पूरे संभाग में शुक्रवार को भारी उत्साह के साथ रंगों का त्यौहार होली मनाई जाएगी। होली को लेकर बच्चों एवं युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। महिलाएं भी होली पर एक-दुसरे के साथ रंग-गुलाल खेलने के बाद उन्हें अपने हाथ की बनी मिठाईयां व नमकीन परोसने की तैयारियों में जुटी हैं। इधर होली को लेकर शहर के चौक-चौराहों पर रंग-गुलाल की दुकानें सज गई है। बच्चों के साथ लोग होली की खरीदी कर रहे हैं। होली की खरीददारी होने से पिछले तीन-चार दिनों से दुकानों की रौनक बढ़ गई है होली में रसायन युक्त रंगों के उपयोग में काफी कमी आई है। बच्चों को छोड़ दे तो लोग अब सूखी होली खेलना पसंद कर रहे हैं। सूखी होली का प्रचलन बढ़ने से गुलाल की मांग में बेतहाशा वृद्धि हुई है। लोग हर्बल एवं सुगंधित गुलाल को अधिक पसंद कर रहे हैं। इस बार होली में 12 करोड़ से अधिक रंग-गुलाल एवं अन्य सामग्रियों का कारोबार होने का अनुमान है। थोक व्यवसाइयों ने इस बार विभिन्न किस्म के सुगंधित एवं हर्बल गुलाल मंगाया है। गांव एवं कस्बों के व्यवसायी होली के लिए मांग के अनुरूप रंग गुलाल, पिचकारी, मुखौटे खरीद रहे हैं। गांवों एवं शहर के चौक-चौराहों पर तीन दिन पूर्व से ही दुकानें संचालित हैं। पूर्व में रंग-गुलाल की कम मांग थी लेकिन जैसे-जैसे होली नजदीक आ रही है दुकानों में खरीददारों की भीड़ बढ़ रही है। व्यवसाई गुरूवार को रंग-गुलाल एवं पिचकारी की बिक्री जमकर होने की उम्मीदें लगाए हैं। होली पर लोग कपड़ों की भी जमकर खरीदी कर रहे हैं।



दुर्गा बाड़ी के पास सजी रंग-गुलाल की दुकानें।

### पिट्ठू टैंक एवं मुखौटों की भारी मांग

इस बार बच्चें नई तकनीक की पिट्ठू टैंक एवं चाइना बंदूक वाली पिचकारी को अधिक पसंद कर रहे है। अन्य किस्म की पिचकारियों की भी मांग है लेकिन पिट्ठू टैंक एवं बंदूक की स्टाइल वाली पिचकारी बच्चों को अधिक पसंद आ रही है। इस बार मुखौटों की भी मांग बढ़ी है। बच्चे व युवा भी श्रीलंका के क्रिकेट खिलाड़ी मलिंगा के घुंघराले बाल को अधिक पसंद कर रहे हैं। अन्य मुखौटों की भी मांग बढ़ी है। बच्चे भोपू बजा, नकली मूंछ एवं पानी फुग्गा को अधिक पसंद कर रहे हैं। मां भगवती स्टोर्स के संचालक शैलेष सिंह सिसोदिया ने बताया कि पिछले साल की तुलना में गुलाल, आधुनिक पिचकारी एवं मुखौटों की मांग बढ़ी है। इस बार होली पर लगभग 12 करोड़ का कारोबार होने का अनुमान है।

### आज जलेगी होलिका

गुरूवार को परंपरानुसार होलिका का दहन किया जाएगा तथा शुक्रवार को रंगों का त्यौहार होली मनाई जाएगी। पं.दिनेश मिश्रा ने बताया कि इस बार होलिका दहन पर चंद्रग्रहण को लेकर लोगों में कुछ भ्रम की स्थिति है। चंद्रग्रहण भारत में दृष्ट नहीं है इसलिए इसका प्रभाव होली पर नहीं पड़ेगा। परंपरानुसार फाल्गुन पूर्णिमा के दिन होलिका जलाई जाती है तथा प्रतिपदा के दिन होली मनाई जाती है। गुरूवार को रात्रि 10.37 बजे तक भद्रा होने के कारण भद्रा के समाप्ति उपरांत रात्रि 10.38 बजे से 12.15 बजे तक होलिका जलाने का मुहूर्त है। वाराणसी में उदयातिथि को होली मनाने की परंपरा है इसलिए वाराणसी में 15 मार्च को होली मनाई जाएगी। गुरूवार को दोपहर 12.00 बजे से प्रतिपदा शुरू होने के कारण छत्तीसगढ़ में दोपहर से होली मनाना उपयुक्त माना गया है। प्रतिपदा शुरू होने के पूर्व भस्म लगाने की परंपरा है। अतः सनातन परंपरा के अनुसार प्रतिपदा में ही होली मनाना चाहिए। होलिका में देवताओं को नवान्न अर्पित करने की परंपरा है।



## पुलिस ने चिटफण्ड कंपनी के 2 डायरेक्टरों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

राशि दोगुना करने का झांसा देकर लोगों से ठगी करने वाले चिटफंट कंपनी के दो आरोपी डारेक्टरों को कोवताली पुलिस ने उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय पेश किया जहां से दोनो को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम कुरूवां विश्रामपुर निवासी अमृतलाल राजवाड़े द्वारा न्यायालय सूरजपुर में आवास एग्रो के डायरेक्टर शमीम रहमान, इरफानार वारसी, भारत सुखवानी निवासी लखनऊ उत्तरप्रदेश के विरूद्ध परिवाद पत्र अन्तर्गत धारा 156(3) के तहत अभियुक्तगणों के विरूद्ध धारा 420, 120बी, 34 ईनामी चिटफंड और धन परिचालन स्कीम पाबंदी अधिनियम की धारा 4,5,6, छत्तीसगढ़ के निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 205 की धारा 10 के तहत अपराध पंजीबद्ध किए जाने के संबंध में प्रस्तुत किया था। न्यायालय द्वारा पारित आदेश में परिवादी के परिवाद पर अभियुक्तो के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध करने का आदेश पारित किया गया जिस पर कोतवाली पुलिस द्वारा अपराध दर्ज किया।

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर द्वारा पुराने लंबित मामलों की समीक्षा कर प्रभारियों को लंबित मामलों में आरोपियों की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश दिए थे। प्रकरण के आरोपी डायरेक्टरों ने आवास एग्रो प्रोडुसर कंपनी लिमिटेड बना कर वर्ष 2017 से जिले में निवेशकों को दोगुना, तीन गुना पैसा देने का लालच देकर कंपनी में करोड़ों रूपय जमा कराकर कंपनी बंद कर फरार हो गई थी। विवेचना के दौरान एग्रो आवास कंपनी के डायरेक्टर जानकी बिहार कालोनी जानकीपुरम सेक्टर आई, थाना जानकीपुरम लखनऊ निवासी समीम रहमान आ. स्व. नुरूल हुदा (54 वर्ष) व राजेन्द्र नगर, थाना नामाहिंडोला, जिला लखनऊ निवासी भारत सुखवानी आ. स्व. जयराम सुखवानी (53 वर्ष) को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने ठगी करने की बात कबूल की। कार्रवाई मे थाना प्रभारी विमलेश दुबे, एसआई मनोज सिंह, विराट विसी, एएसआई सुमंत पाण्डेय, प्रधान आरक्षक विवेकानंद सिंह, आरक्षक लक्ष्मी नारायण मिर्रे, रविराज पाण्डेय व रौशन सिंह सक्रिय रहे।

## पर्सनल आईडी से रेलवे टिकट जारी करने मामले में चॉइस सेंटर संचालक गिरफ्तार



**बिश्रामपुर।** अवैध तरीके से पर्सनल आईडी का उपयोग कर रेलवे टिकट की बिक्री करने वाले चॉइस सेंटर के संचालक के खिलाफ आरपीएफ द्वारा कार्यवाही की गई है।आरपीएफ अंबिकापुर चेक पोस्ट प्रभारी सुनीता मिंज ने बताया कि लटोरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत करवां में प्रज्ञा कुमार कुशवाहा पिता जगत पाल कुशवाहा द्वारा चॉइस सेंटर का संचालन किया जाता है। संचालक प्रज्ञा कुमार कुशवाहा द्वारा अवैध तरीके से अपनी आईडी से करीब 16,248 रुपए का रेलवे टिकट बनाकर अन्य लोगों के पास बेच दिया गया है। मामले की सूचना मिलते ही आरपीएफ अंबिकापुर की टीम द्वारा बुधवार को ग्राम पंचायत करवां में संचालित उक्त चॉइस सेंटर में छापा मारकर संचालक प्रज्ञा कुमार कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में चॉइस सेंटर संचालक के खिलाफ धारा 143 रेलवे अधिनयम के तहत कार्यवाही करते हुए जमानत मुचलका भरकर छोड़ दिया गया है।

## विद्युत कनेक्शन विच्छेद होने पर सहायक अभियंता को गोली मारने की धमकी देने मामले में अब तक नहीं हुई एफआईआर

**बिश्रामपुर।** घरेलू विद्युत कनेक्शन का बकाया राशि जमा नहीं करने पर विभाग द्वारा विद्युत विच्छेद कर दिए जाने से नाराज उपभोक्ता द्वारा सहायक अभियंता को गोली मारने की धमकी देते हुए अश्लील शब्दों का प्रयोग किए जाने मामले में आज तक जयनगर पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं किए जाने से विभागीय अधिकारियों में रोष व्याप्त है। गौरतलब है कि विद्युत विभाग बिश्रामपुर के सहायक अभियंता प्रतीक बारा द्वारा गत दिनों लिखित शिकायत जयनगर थाना में देकर कार्यवाही की मांग की गई थी। जयनगर पुलिस को दिए ज्ञापन में बिश्रामपुर विद्युत वितरण केंद्र बिश्रामपुर के सहायक अभियंता प्रतीक बड़ा द्वारा उल्लेख किया गया था कि ग्राम सिलफिली निवासी राममोहन राजवाड़े पिता संत कुमार द्वारा पिछले दो वर्षों से घरेलू विद्युत कनेक्शन का बिजली बिल की राशि करीब 24,690 रुपए का भुगतान विभाग को नहीं किया गया था। बिजली बिल की बकाया राशि जमा नहीं किए जाने पर शुक्रवार 7 मार्च को राममोहन राजवाड़े के घरेलू विद्युत कनेक्शन का विच्छेद करा दिया गया था। इसी बात पर क्षुब्ध होकर राममोहन राजवाड़े द्वारा विद्युत कनेक्शन को तत्काल जुड़वाए जाने हेतु सहायक अभियंता प्रतीक बारा व भटगांव के कनिष्ठ अभियंता संजय कुमार पटेल के साथ मोबाइल पर अश्लील गाली गलौज करते हुए गोली मारने की धमकी दी गई थी। सहायक अभियंता प्रतीक बारा ने बताया कि मामले में राममोहन राजवाड़े के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने दिए गए आवेदन पर आज तक जयनगर पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। जयनगर थाना प्रभारी टीआई नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच हेतु बीट प्रभारी को आवेदन को दिया गया है। जांच उपरांत न्याय उचित कार्यवाही की जाएगी।

## कुदरगढ़ महोत्सव की तैयारी को लेकर हुई बैठक, कार्ययोजना के संबंध में की गई चर्चा

**सूरजपुर।** चैत्र नवरात्र 29 मार्च से प्रारंभ होने जा रहा है जिसमें 2 से 4 अप्रैल तक तीन दिवसीय कुदरगढ़ महोत्सव का आयोजन सुनिश्चित किया गया हैं। मां बागेश्वरी धाम कुदरगढ़ ट्रस्ट के अध्यक्ष राम सेवक पैकरा की अध्यक्षता में कुदरगढ़ महोत्सव की तैयारी हेतु आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कुदरगढ़ महोत्सव को लेकर विभिन्न मुद्दों पर बिंदूओं पर चर्चा की गई। बैठक में स्वच्छता, शौचालय, पेयजल, विद्युत, यातायात, पार्किंग, सुरक्षा व चिकित्सा व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। मेला परिक्षेत्र में प्र्याप्त जल व्यवस्था हो इसके लिए विभिन्न चिन्हित स्थलों पर टैंकर की व्यवस्था, नवरात्र प्रारंभ होने से पूर्व ही क्षेत्र में लगे ट्रांसफार्मरों की मरम्मत, मेला स्थल में फायर ब्रिगेड के गाडी की व्यवस्था, पार्किंग हेतु समतल स्थान की व्यवस्था जैसे बिन्दुओं को लेकर कलेक्टर एस जयवर्धन ने अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर ट्रस्ट से उपस्थित अन्य सदस्यों से भी सुझाव मांगे गए। जिसमें पार्किंग स्थल से ई-रिक्शा चलवाने का सुझाव आया जिससे कि वृद्धजन व दिव्यांगजन को सुविधा मिले। मेला स्थल में आपातकालिन स्थिति से निपटने के लिए आपदा टीम भी उपलब्ध कराने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान बाबूलाल अग्रवाल,भुवन भास्कर प्रताप सिंह, भीमसेन अग्रवाल, सुभाष गोयल, ओंकार पांडेय, सुरेश गोयल, राजेश तिवारी, शशिकांत गर्ग, अजय अग्रवाल, आशीष प्रताप सिंह, संदीप अग्रवाल, संस्कार अग्रवाल, रंजन सोनी एवं जिपं सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, वन मंडलाधिकारी पंकज कमल,एएसपी संतोष महतो, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती चांदनी कंवर सहित अन्य उपस्थित थे।



## माँ महामाया व समलाया मंडलों के गठन को लेकर भाजपा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



नगर भाजपा के माँ महामाया व समलाया मंडल के गठन को लेकर भाजपा की बैठक संकल्प भवन में जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के मुख्य आतिथ्य में हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष श्री सिसोदिया ने कहा कि सर्वस्पर्शी तथा सर्वसमावेशी संगठन की नींव ही भाजपा की पहचान है, अतः दोनों मंडलों के कार्यसमिति के गठन में इसका ध्यान रखना आवश्यक है। भाजपा के संगठन में समाज के हर वर्ग को प्राथमिकता के साथ प्रतिनिधित्व देकर आगे बढ़ाने की नीति पर काम होता है। दोनों मंडलों में भाजपा की शानदार टीम का गठन हो। पूर्व मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला ने कहा कि मंडल के गठन के पूर्व प्रत्येक बूथ व वार्डों में दौरा कर बैठक करने की आवश्यकता है ताकि संगठन के सक्रिय कार्यकर्ताओं का नाम सामने आ सके साथ ही कुछ नए लोगों को भी पार्टी से जोड़ने का प्रयास हो। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष, जिला संवाद प्रमुख संतोष दास, वरिष्ठ नेता विद्यानंद मिश्रा, मां महामाया मंडल अध्यक्ष मनोज कंसारी, समलाया मंडल अध्यक्ष कमलेश तिवारी, कर्ताराम गुप्ता, विकास पाण्डेय, नकुल सोनकर, जन्मेजय मिश्रा, श्वेता गुप्ता, नीलम राजवाड़े, विशाल गोस्वामी, जितेंद्र सोनी, रिंकू सिंह, रोचक गुप्ता, निरंजन राय, दीपक तोमर, अवधेश सोनकर, प्रेमानंद तिग्गा, विकास गुप्ता, धनंजय मिश्रा, सर्वेश तिवारी, शानू कश्यप, शरद सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## सेदम के उपसरपंच बने राकेश सोनी

**बतौली/सेदम।** बतौली में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद ग्राम पंचायत सेदम में उपसरपंच का चुनाव किया गया। भारी गहमा गहमी के बीच दो उम्मीदवार दावेदारी किए थे। सेदम के 12 पंचों में से 9 पंच राकेश सोनी के पक्ष में रहे जबकि दूसरे दावेदार को सिर्फ तीन मत मिलने से हार का सामना करना पड़ा। उपसरपंच राकेश सोनी ने कहा कि ग्राम पंचायत में सर्वप्रथम ग्रामीण को पानी की समस्या सहित गली मोहल्ले में नाली, सड़क जैसे मूलभूत सुविधा तत्काल उपलब्ध कराई जाएगी।

## पेज 1 के शेष...

### खोई पहचान और 5 स्टार...

चौक चौराहों, फुटपाथ, उद्यान, नगर सौन्दर्यीकरण, तालाब जैसे घटक शामिल थे लेकिन विगत वर्ष सड़कों की हालत बेहद जर्जर थी इसके साथ ही अन्य सौन्दर्यीकरण के कार्य भी नहीं हो पाए थे और यही वजह है कि नगर निगम को स्टार रेटिंग में नुकसान हुआ। रैंकिंग में लगबघ 800 अंकों का नुकसान हुआ और मुख्य सर्वेक्षण में भी इसका असर पड़ा जिससे नगर निगम नेशनल रैंकिंग में भी चौथे स्थान से खिसककर 27वें नम्बर पर पहुंच गया था। यही वजह है कि इस बार एसएलआरएम सेंटरों के साथ ही सौन्दर्यीकरण पर विशेष फोकस किया जा रहा है और नगर निगम द्वारा नए सिरे से कमियों को दूर करने के प्रयास किए जा रहे है।

## नगर पंचायत बिश्रामपुर में भाजपा के दीपेंद्र निर्विरोध चुने गए उपाध्यक्ष

- भाजपा ने भरा सिंगल नॉमिनेशन, सर्वसहमति से लिया गया निर्णय



**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत बिश्रामपुर में अध्यक्ष के बाद अब उपाध्यक्ष पद पर भी भाजपा ने जीत हासिल कर ली है।बुधवार को नगर पंचायत उपाध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया शासन स्तर पर पूरा कराने हेतु सूरजपुर कलेक्टर एस जयवर्धन ने एसडीएम सूरजपुर शिवानी जायसवाल को बतौर पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया था।इधर भाजपा संगठन द्वारा उपाध्यक्ष पद का निर्वाचन निर्विरोध संपन्न कराने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा था।यहां पर पूर्व जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल को पार्षदों के बीच सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष बनाने की जवाबदेही संगठन स्तर पर सौंपी गई थी जिसमे भाजपा सफल भी रही।गौरतलब है कि नगर पंचायत बिश्रामपुर के कुल 15 वार्डों में 8 पार्षद भाजपा के चिह्न पर जीतकर आए थे जबकि कांग्रेस से 2 एवं 5 निर्दलीय पार्षदों ने चुनाव में जीत हासिल की थी।सर्वाधिक 8 पार्षद भाजपा से जीत कर आने की वजह से भाजपा का उपाध्यक्ष बनना तय माना जा रहा था।भाजपा के सभी पार्षदों को इस हेतु सहमत कर लिया गया और अंत में भाजपा के वार्ड क्रमांक 7 से सर्वाधिक 282 मतों से चुनाव जीतकर आए दीपेंद्र सिंह चौहान के निर्विरोध निर्वाचन का मार्ग प्रशस्त हो गया।पीठासीन अधिकारी के समक्ष उपाध्यक्ष पद हेतु सिंगल नॉमिनेशन के बाद दीपेंद्र सिंह चौहान को उपाध्यक्ष चुन लिया गया जिसके बाद एसडीएम ने दीपेंद्र सिंह को उपाध्यक्ष का प्रमाण पत्र सौंपा।ज्ञात हो कि दीपेंद्र सिंह चौहान छात्र राजनीति से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में सक्रिय रहे हैं।इसके पूर्व वे भाजपा मंडल बिश्रामपुर के अध्यक्ष का पद भी संभाल चुके हैं।आज उनके उपाध्यक्ष निर्वाचित होने के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी,पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल गोयल,जनपद सूरजपुर के उपाध्यक्ष मनमत बछाड़,सत्यनारायण जायसवाल,नगर अध्यक्ष निर्मला यादव,अनूप सिन्हा, संदीप अग्रवाल,शशिकांत गर्ग,राजेश यादव,अशोक अग्रवाल,कृष्ण गोयल,रितेश जायसवाल, विनय सिंह, दीना यादव सहित सभी पार्षद सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# त्यौहार के मद्देनजर थाने में हुई शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- मुखौटा पहनने व बेचने वालों पर होगी कार्रवाई

होली व रमजान त्यौहार के मद्देनजर बिश्रामपुर थाना परिसर में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों व जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने की अपील की गई, इस दौरान मौजूद लोगों से क्षेत्र की समस्याओं के सम्बन्ध में आपसी सुझाव लिए गये, बिश्रामपुर पुलिस द्वारा बताया गया कि मुखौटों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है, इसमें मुखौटा लगाने वाले हुड़दंगियों के साथ बेचने वाले दुकानदारों पर भी कार्यवाही की जाएगी।

इसके अलावा फ़ाइनल परीक्षा के दौरान तेज लाउडस्पीकर बजाने वालों व तीन सवारी दो पहिया वाहनों पर भी जप्ती की कार्यवाही होगी, साथ ही नशाखोरी करने वाले युवाओं पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी,उक्त बैठक में शिवनन्दनपुर संचालन समिति अध्यक्ष कृष्ण गोयल बल्लु, शितिकांत स्वाईं, दिपेन्द्र चौहान, रविशंकर बउवा, चन्दन सिंह, बलराम शर्मा,अहमद वाहिद, अफ़रोज़ खान, जगरनाथ यादव, विनय यादव, दुर्गा यादव, रोहित सिंह, भनेश टोप्पो,सहित सहायक उपनिरीक्षक अविनाश सिंह, प्रधान आरक्षक नवीन सिंह, दीपक चौधरी, आरक्षक आसिफ अख्तर, जयप्रकाश यादव, अजय प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

### थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



लखनपुर। रंगों के त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थाना परिसर में थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस मयंक मिश्रा व जनप्रतिनिधि नगर वासी के बीच होली में शांति एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सौहार्द से होली मनाने के लिए विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान होलिका दहन बनाने और चौराहा में पेट्रोलिंग व्यवस्था नशे पर रोकथाम व शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले को पर कार्रवाई करने की विषय में चर्चा किया गया। बैठक के दौरान जिला पंचायत सदस्य विजय अग्रवाल, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कृपा शंकर गुप्ता, नरेंद्र पांडे, सचिन अग्रवाल, समीम खान, सनी बंसल, नुसरत अली, हाशिम खान, अजीत सिंह, इमरान अंसारी, मनोज कुमार, जानिसार अख्तर, अमित बारी, शमशेर खान उपस्थित रहे।

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से - 16 मई से 23 मई 2025 (08 दिन)
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 मई से 16 मई 2025,06 जून से 13 जून 2025
25 जुलाई से 1 अगस्त (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान),काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार),पशुपतिनाथ ,जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)/अयोध्या (श्री राम जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411